# 'स्वच्छ पर्यावरण संरक्षण के लिए धरातल पर कार्यों का क्रियान्वयन करें'

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )** हरियाणा प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड के चेयरमैन पी राघवेंद्र राव ने कहा कि स्वच्छ पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूकता के साथ साथ धरातल पर सुचारू रूप से कार्यों का क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। वाहनों में रेल, ट्रांसपोर्टेशन,निजी वाहनों की एयर स्वच्छता सुनिश्चित करें और ई-आटो वॉकिंग, साइकिलिंग पर जोर दे। पी राघवेंद्र राव ने अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि अधिकारी एक्शन प्लान करके प्रदूषण मुक्त शहर बनाने का हर संभव प्रयास करें और मनमानी करने वालों के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। वहीं एनजीटी की गाइडलाइन के तहत आन लाइन प्लेट फार्म प्रणाली पर भी बेहतर कार्यों का क्रियान्वयन अपलोड करना सुनिश्चित करें। हरियाणा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के चेयरमैन पी राघवेन्द्र राव आज वीरवार को लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में जिला फरीदाबाद और पलवल में प्रदूषण नियंत्रण के लिए किए जा रहे कार्यों की समीक्षा बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। पी राघवेंद्र राव ने कहा कि राष्ट्रीय ग्रीन ट्रिब्यूनल की हिदायतों के अनुसार हमें किसी भी हाल में प्रदूषण होने से रोकना होगा। प्रदूषण को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कौन कौन सी इंडस्ट्री जुडी है और उनके द्वारा क्या डाला जा रहा है अधिकारी उसकी पूरी जानकारी रखे। उन्होंने कहा कि अधिकारियों का नैतिक दायित्व बनता है कि वह अपने अपने जिलों को दूषित होने से बचाएं। उन्होंने समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि अवैध कॉलोनियों व औद्योगिक इकाइयों से सेप्टेज टैंकरों के माध्यम से दूषित पानी नहरों-नदियों में छोड़ने पर पूर्ण रोक लगाएं। इसके लिए प्रशासनिक, नगर निगम व पुलिस विभागों के आपसी तालमेल करके प्रदूषण मुक्त शहर बनाने का हर संभव प्रयास करें और मनमानी करने वालों के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही करें।

इन मुद्दों पर की चर्चाः

इसके अलावा उन्होंने समीक्षा बैठक में सीवर लाइन बिछाने, सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांटो के निर्माण, घरों को सीवरेज कनेक्शन उपलब्ध कराने, सड़को, बिजली आपूर्ति व अन्य तमाम



मुद्दों पर बारिकी से हर पहलू पर चर्चा की। वहीं पी राघवेन्द्र राव ने अन्य मसलों पर भी जो सरकार से सम्बन्धित हैं, उनको सरकार को भेज कर समाधान का प्रयास किया जाने के लिए कहा। बैठक में चेयरमैन हरियाणा राज्य पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड पी राघवेंद्र राव द्वारा काफी समस्याओं का निवारण व अन्य बिन्दुओं के उचित निवारण का आशवासन दिया गया। हरियाणा प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड के चेयरमैन पी राघवेंद्र राव ने कहा कि पर्यावरण बचाने के लिए हमारे सामने क्या-क्या चैलेंज है, और क्या-क्या इशू हैं और इन इश्यू और चैलेंज को कैसे बेहतर तरीके से क्रियान्वित करके हम पृथ्वी पर जल, पेड़ पौधों की व्यवस्था बनाए रख सकते हैं। उन्होंने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग में दिन प्रतिदिन गर्मी बढ़ती जा रही है और इस गर्मी को हम जल संरक्षण करके और पेड़ पौधे लगाकर ही दूर कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि बेहतर कल के लिए पर्यावरण संरक्षण सबसे ज्यादा जरूरी है। हम सभी को मिलकर पर्यावरण को साफ सुथरा रखने की जिम्मेदारी लेनी होगी। इसके साथ साथ हर नागरिक को साफ सुथरा वातावरण, जल संरक्षण और पेड़ पौधे लगाकर उनका लालन-पालन करने में विशेष भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया जाए। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा फरीदाबाद जिला को हरा-भरा व प्रदूषण मुक्त बनाए रखने के लिए कई कदम उठाए जा रहे हैं। ठोस, कचरा प्रबंधन के लिए अलग से प्लांट लगाए जा रहे हैं। इसके अलावा दोनों शहरों को स्वच्छ और क्लीन रखने के लिए सीएसआर के सहयोग से बेहतर कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रकृति के साथ हर व्यक्ति छेड़छाड़ कर आ रहा है। इसलिए हर व्यक्ति का यह कर्तव्य बनता है कि वह प्रकृति को बनाए रखने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि आबादी के हिसाब से फरीदाबाद भी प्रदेश में पहला जिला है इसलिए फरीदाबाद के हर नागरिक का यह कर्तव्य बनता है कि वह पर्यावरण को बनाए रखने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। हम इस कार्य को आपस में मिलकर बेहतर करके फरीदाबाद को क्लीन फरीदाबाद, ग्रीन फरीदाबाद बनाने में प्रदेश में नहीं देश में भी नंबर वन बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि हर नागरिक का कर्तव्य बनता है कि वह अपने जन्मदिन, सालगिरह, विवाह सालगिरह सहित अन्य सामाजिक आयोजनों में भी पेड़ पौधे अवश्य लगाए और उनका लालन-पालन करें। पर्यावरण स्वच्छता दिवस अभियान हर आदमी भागीदार बनकर पेड़ पौधे लगाने, स्वच्छता अभियान करने, जल संरक्षण करने में का भागीदार बने। भूमि को बचाने के लिए इसका संरक्षण करना जरूरी है। पौधारोपण करके, स्वच्छता अपनाकर और पेड़ पौधों का पालन करके इसे बेहतर बनाया जा सकता है। यह कार्य स्वयं भी करें और अन्य लोगों को प्रेरित भी करें। मानव जीवन के लिए पर्यावरण संरक्षण जरूरी है। पर्यावरण में अधिक से अधिक ऑक्सीजन कैसे बढ़ाएं। जल संरक्षण कैसे करें और पर इन दोनों के लिए पेड़ पौधे लगाना जरूरी है। हमारे दैनिक जीवन में ऑक्सीजन जरूरी है।

## संक्षिप्त खबरें

### अमृता हॉस्पिटल फरीदाबाद और अयुद्ध के युवाओं ने सोहना हाईवे के पास सीडबॉल फैलाए



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )**।अमृता अस्पताल फरीदाबाद ने माता अमृतानंदमयी मठ की युवा शाखा अयुद्ध के युवाओं के साथ मिलकर सीडबॉल फैलाए। यह सीडबॉल सोहना हाईवे के पास नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया की ग्रीन बेल्ट में फैलाए गए। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में आश्रम से स्वामी विजयामृतानंद पूरी जी मौजूद रहे। इनके अलावा अयुद्ध के नेशनल कॉर्डिनेटर स्वामी मोक्षामृता चैतन्य जी, रीजनल कॉर्डिनेटर स्वामी हषार्मृत जी, अनंत पसारी समेत अमृता अस्पताल से वॉलंटियर, नर्सिंग कॉलेज के स्टूडेंट्स और श्री माता अमृतानंदमयी देवी (अम्मा) के भक्तजन इसका हिस्सा रहे। अयुद्ध के नेशनल कॉर्डिनेटर स्वामी मोक्षामृता चैतन्य जी ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा, "अम्मा द्वारा चलाई गई इस पहल के अंतर्गत जो सीडबॉल हमने यहां फैलाए हैं, इससे हम आशा करते हैं कि ज्यादा से ज्यादा सीडबॉल अंकुरित होंगे और पेड़ बनेंगे। इसी के साथ भारत की भूमि को हरित बनाने का अम्मा का सपना साकार होगा।" इसके साथ ही स्वामी मोक्षामृता चैतन्य जी ने भारत वन सेवा और शहरी पर्यावरण, जीएमडीए और एफएमडीए के सीईओ सुभाष यादव जी का इस पहल में योगदान देने और सक्रिय रूप से भागीदारी के दिखाने के लिए धन्यवाद दिया। अमृता विश्व विद्यापीठम के वैश्विक सीडबॉल अभियान ने इस साल अप्रैल में लॉन्च होने के बाद से दुनिया भर में 1.3 मिलियन से अधिक सीडबॉल का उत्पादन किया है। यह अभियान सस्टेनेबल और रेजिलिएंट कम्युनिटी (एसआरसी) – जलवायु, पर्यावरण और नेट जीरो लक्ष्य पर सी20 वर्किंग ग्रुप के बैनर तले आयोजित किया गया है। इस पहल का उद्देश्य इस वर्ष के अंत तक दस लाख से अधिक सीडबॉल का उत्पादन और वितरण करके पर्यावरणीय स्थिरता और पारिस्थितिकी तंत्र की बहाली को बढ़ावा देना है। नीम, गुलमोहर अमलतास, बेल, कनेर, कचनार आदि के बीजों से गर्मी के दिनों में अमृता अस्पताल, फरीदाबाद, श्री माता अमृतानंदमयी देवी मठ वसंत कुंज दिल्ली व अन्य स्थानों पर सीडबॉल बनाए गए थे। लगभग एक माह से अधिक चले इस अभियान में कई लाख बीज मिट्टी व खाद के पोषण मिश्रण में रखे गए। उन्हें निर्देशित ढंग से सुखाकर सरंक्षित किया गया था। इसमें लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अभियान का हिस्सा रहे वॉलंटियर आदित्य ने कहा, "इसका हिस्सा बनकर मुझे बेहद खुशी हो रही है। सीडबॉल फैलाने के बाद मुझे शांति का अनुभव हो रहा है, क्योंकि इन सीडबॉल से पेड़ बनेंगे, जो हमारी भारत की भूमि को हरा-भरा बनाएंगे और पर्यावरण को स्वच्छ रखने में मदद करेंगे।"

### एकॉर्ड में 5 साल के बच्चे का सफल किडनी ट्रांसप्लांट

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )**।ग्रेटर फरीदाबाद सेक्टर 86 स्थित एकॉर्ड अस्पताल में 5 साल के बच्चे का सफल किडनी ट्रांसप्लांट किया गया है। बच्चे की मां ने अपने लाड़ले को किडनी देकर उसे नया जीवन दिया। आपरेशन के बाद बच्चा और उसकी मां पूरी तरह स्वस्थ है। इस सफल ट्रांसप्लांट को अस्पताल नेफ्रोलॉजी डिपार्टमेंट के चेयरमैन डॉ. जितेंद्र कुमार तथा यूरोलाजिस्ट डॉ. सौरभ जोशी, डॉ. वरुण कटियार की टीम ने अंजाम दिया। बता दें कि देश में 3 वर्षीय यंगेस्ट बच्चे का किडनी ट्रांसप्लांट का श्रेय भी डॉ. जितेंद्र को जाता है। उनके नेतृत्व में इस सफल ऑपरेशन को किया गया था। इस मौके पर अस्पताल चेयरमैन डॉ. प्रबल रॉय ने सफल ऑपरेशन टीम को बधाई दी। बिहार निवासी 5 वर्षीय ऋषभ काफी समय से क्रोनिक किडनी रोग और हाइपरटेंशन से पीड़ित था। वहां किडनी रोग की बेहतर चिकित्सा सुविधाओं के आभाव के कारण वह डायलिसिस के लिए एकॉर्ड अस्पताल आता था। यहां बच्चे को बेहतर डायलिसिस के लिए एक अलग माहौल दिया गया। नर्सिंग स्टाफ के साथ वह लूडो और अन्य गेम खेलते हुए डायलिसिस करवा लेता था। लेकिन अच्छी गुणवत्ता का जीवन देने का एक मात्र तरीका था किडनी ट्रांसप्लांट। यूरोलाजिस्ट डॉ. सौरभ जोशी ने कहा कि बच्चे की मां ने अपने बच्चे को किडनी देने की इच्छा जताई। मां को डोनेशन के लिए फिट पाया गया। स्वास्थ्य विभाग कि समिति की सहमति के बाद 5 साल के बच्चे का सफल ट्रांसप्लांट हुआ है।

## बेटे ने मां के साथ मारपीट कर दी जान से मारने की धमकी

**गन्नौर**। बेगा गांव में एक बेटे ने अपनी मां के साथ मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी है। जिसके बाद पीड़ित महिल ने मामले की शिकायत थाना गन्नौर पुलिस को दी है। शिकायत में बेगा निवासी जसवंती देवी ने बताया कि उसके बेटे सुरेंद्र ने 30 अगस्त की रात को उसके साथ गाली-गलौच की और उसने जब विरोध किया तो सुरेंद्र ने उसके साथ मारपीट की। आरोप है कि सुरेंद्र ने उसके जान से मारने की धमकी भी दी है। गन्नौर थाना प्रभारी रवि कुमार ने बताया कि पुलिस ने आरोपी सुरेंद्र के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## जन जागरण साइकिल यात्रा 6 को जिला में करेगी प्रवेश

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )** डीसी विक्रम सिंह ने वीसी में जानकारी देते हुए बताया कि माननीय मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेशवासियों को नशे के दुष्प्रभाव व उससे होने वाली हानियों के बारे जागरूक करने के लिए आज 1 सितंबर से 25 सितंबर तक प्रदेश भर में ह्लसाइक्लोथॉनह्व यानी जन जागरण साइकिल यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। उपायुक्त ने कहा कि साइक्लोथॉन को भव्य रूप देने तथा ऐतिहासिक बनाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा सभी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। पुलिस प्रशासन द्वारा भी लोगों की सुरक्षा को देखते हुए सभी इंतजाम किए गए हैं।



साइक्लोथॉन को लेकर स्कूल व कॉलेजों के बच्चों सहित जिला के युवाओं में काफी उत्साह देखा जा रहा है, क्योंकि हरियाणा सरकार द्वारा यह पहल युवाओं के उज्जवल भविष्य के लिए ही शुरू की गई है। साइक्लोथॉन के दौरान जगह-जगह नशे के खिलाफ भव्य सांस्कृतिक व अन्य गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। उन्होंने कहा कि इस साइक्लोथॉन में जिला के राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी में भाग लेंगे। उन्होंने जिला की स्वयंसेवी संस्थाओं, सामाजिक संगठनों तथा इस क्षेत्र से जुड़ी संस्थाओं का आह्वान किया कि समाज में नशे की प्रवृति से छुटकारा दिलाने और युवा पीढ़ी को नशे की लत से बचाने के लिए हर वर्ग का सहयोग जरूरी है। इसके लिए प्रशासन की ओर से प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। नशा समाज के लिए बड़ा खतरा है, इससे निपटने के लिए समाज के हर व्यक्ति का सहयोग जरूरी है, इसलिए नशा मुक्त हरियाणा अभियान के तहत आयोजित की जा रही साइक्लोथॉन में हम सब मिलकर भाग लें और समाज को एक महत्वपूर्ण संदेश दें कि जब हमें नशे से आजादी मिलेगी तभी हम अपनी आने वाली पीढ़ियों को वर्तमान की युवा शक्ति को विकास के रास्ते पर आगे बढ़ा पाएंगे। मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा आज शुक्रवार को जिला करनाल से इस यात्रा को हरी झंडी दिखाई जाएगी जो कि आगामी 6 सितंबर को गुरुग्राम से यह यात्रा जिला फरीदाबाद में प्रवेश करेगी।

- जिला फरीदाबाद में यहां से गुजरेगी साइकिल यात्राः-

डीसी विक्रम सिंह ने आगे बताया कि यह यात्रा जिला स्थित गाँव बलूदा, धौज, पाली, बल्लभगढ़ सहित विभिन्न गाँवों से गुजरकर पलवल जिला में प्रवेश करेगी। इस जन जागरण साइकिल यात्रा का उद्देश्य हरियाणा को पूर्ण रूप से नशा मुक्त बनाने व लोगों को नशे के खिलाफ जागरूक करना है। नशे की बुराई को जड़ से खत्म करना और युवाओं को स्वस्थ एवं नशा मुक्त जीवन शैली के लिए प्रोत्साहित करना है।

## 'सुभाष बघेल पार्टी का मजबूत कार्यकर्ता'

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )**।आम आदमी पार्टी का वरिष्ठ नेता धर्मवीर भड़ाना के बड़खल गुड़गांव रोड स्थित कार्यालय पर वीरवार को पार्टी के दर्जन भर बहनों ने पहुंचकर उनको राखी बांधी और मुंह मीठा कराया। धर्मवीर भड़ाना ने सभी बहनों का आशीर्वाद लिया। उन्होंने कहा कि पार्टी में शामिल हमारी बहनों ने आज मेरे कार्यालय पर पहुंचकर मुझे जो आशीर्वाद दिया है, उसके लिए मैं सदैव उनका आभारी रहूंगा। रक्षाबंधन पर हमारे देश में भाई बहन के प्यार का प्रतीक है। आज हमारी पार्टी की महिला प्रदेश उपाध्यक्ष बड़ी बहन मंजू गुप्ता, परमजीत कौर, सोनिया कथूरिया, बेटी सिमरन कौर ने मेरी कलाई पर



राखी बांधकर भाई बहन के अटूट विश्वास को कायम किया है। मुझे जब भी जरूरत है मेरी बहनों ने मेरे साथ खड़े होकर मेरी हिम्मत बढ़ाई है। इस अवसर पर धर्मवीर भड़ाना ने व्यापार सेल के जिला उपाध्यक्ष सुभाष बघेल का केक काटकर उनका जन्मदिन धूमधाम से मनाया। हरियाणा की महिला प्रदेश उपाध्यक्ष मंजू गुप्ता, प्रदेश संयुक्त सचिव प्रवेश मेहता, जिला सचिव मेहरचंद हषार्ना, प्रदेश प्रवक्ता नरेश शर्मा, लोकसभा उपाध्यक्ष तेजवंत सिंह बिट्ठू, जिला उपाध्यक्ष हरजिंदर सिंह मेंहदीरत्ता, जिला सचिव राम गौर, पंकज पाल, प्रताप बघेल, अमित ठाकुर, वाई के शर्मा, श्यामवीर भड़ाना, विनोद भडाना, विक्रम सिंह, राजेंद्र मेहता, शारदा भड़ाना सभी ने सुभाष बघेल को उनके जन्मदिवस की बधाई दी और आशीर्वाद प्रदान किया।

## बीयर की बोतल से हमला कर मोटरसाइकिल सवार को किया घायल

**गन्नौर**। दुकान से अपने घर खुबडू गांव लौट रहे मोटरसाइकिल सवार को गांव के ठेके के पास रोक कर दो लडको गाली-गलौच की। आरोप है कि लडको ने बीयर की खाली बोतल से हमला कर उसे घायल कर दिया। घायल ने मामले की शिकायत थाना गन्नौर पुलिस को दी है। शिकायत में खुबडू निवासी भावेश धनखड़ ने बताया कि वह 27 अगस्त की रात को अपनी मोंटरसाइकिल पर अपने गांव खुबडू जा रहा था। जब वह गांव के ठेके के पास पहुंचा तो इस दौरान दो लडको ने उसकी मोटरसाइकिल रोक ली और उसके साथ गाली-गलौच करने लगे। उसने लडको का विरोध किया।

## निगमायुक्त निवासन ने किया मेगा स्वच्छता अभियान का शुभारंभ



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )** निगमायुक्त ए मोना श्री निवासन ने आज विधिवत तरीके से नारियल तुड़वाकर एनआईटी पांच बलिदानी भगत सिंह चौक से चार दिवसीय मेगा स्वच्छता अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने बताया कि आज से तीन सितंबर तक चार दिवसीय मेगा स्वच्छता अभियान जिले के सभी 40 वार्डो में शुरू किया जा रहा है। इस अभियान का प्राथमिक उद्देश्य विभिन्न गतिविधियों की बारीकी से निगरानी करके स्वच्छता को बढ़ाना है, जिसमें घर-घर से कचरा इकट्ठा करना, सेकेंडरी प्वाइंट से पुराने कचरे को हटाना और ट्रांसफर स्टेशनों से लैंडफिल साइट तक कचरे को पहुंचाना शामिल है। इन सभी कार्यों को सुचारू रूप से अमल में लाने के लिये सभी 40 वार्डो में नोडल अधिकारी नियुक्त किए गये है। वार्ड स्तर पर, वार्ड कनिष्ठ अभियंता (जेई) और सहायक स्वच्छता निरीक्षक (एएसआई) अपने-अपने वार्डों में सभी सेकेन्डरी प्वाईंट से सफाई और कचरा हटाने को सुनिश्चित करगें। इकोग्रीन आवश्यक वाहनों की तैनाती का कार्यभार संभालेगा जैसे कि ट्रैक्टर-ट्रॉली, जेसीबी, हाइवा ट्रक, डंपर आदि और यह भी सुनिश्चित करेगा कि प्रतिदिन सभी सेकेंडरी प्वाइंट पर सफाई की जाये। इसके अतिरिक्त अनाधिकृत जीवीपी प्वाईंटस को भी ड्राइव के दौरान कम से कम एक बार साफ किया जाए। उन्होंने कहाकि मेगा स्वच्छता अभियान में मास्टर ट्रेनर, वॉलंटियर्स और रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन की मदद से लोगों, दुकानदारों को गीले व सूखे कूड़े को अलग-अलग करने तथा साफ-सफाई के लिए भी जागरूक किया जाएगा तथा गीला, सूखा कूड़ा को अलग-अलग करके वेंडरों को देने के लिए भी प्रेरित करेंगे। इसके अलावा खत्तों से भी कूड़ा उठाया जाएगा।

उसके बाद भी कोई व्यक्ति या दुकानदार कूड़ा-कर्कट फैलाता है, जलाता है या सड़कों के किनारे, दुकानों के सामने, फुटपाथ पर, सार्वजनिक खुले स्थानों पर, पार्कों/हरित पट्टी पर कब्जा करता है तो उसके विरूद्ध चालान की प्रक्रिया अमल में लाई जाएगी और जुर्माना लगाया जाएगा।

## विकास कार्य को गति देने के लिए विधायक ने किया मुआयना

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )**। तिगांव के भाजपा विधायक राजेश नागर ने आज पीडब्ल्यूडी का अधिकारियों के साथ फरीदाबाद से भतोला से तिगांव को जाने वाली सड़क के निर्माण कार्य का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को कहा कि वह विकास कार्य को तेजी से निपटाएं जिससे कि लोगों को समय पर विकास का लाभ मिल सके। विधायक राजेश नागर ने बताया कि फरीदाबाद से भतोला से तिगांव जाने वाली फोर लेन रोड के प्रोजेक्ट को मंजूरी मिले और टेंडर हुए काफी समय हो गया है। इसके बावजूद रोड के निर्माण में देरी हो रही है जबकि लोगों को इस रोड के बन जाने



का इंतजार है। इस फोरलेन के बन जाने से गांव और शहर एक दूसरे से बेहतर कनेक्टिविटी पा सकेंगे और लोगों के आम जीवन पर सकारात्मक प्रभाव देखने को मिलेगा, लेकिन पेड़ों की कटाई और बिजली के पोल को हटाने की धीमी गति के कारण निर्माण धीमा है जिससे मैं संतुष्ट नहीं हूं। उन्होंने अधिकारियों के साथ मिलकर एक एक पॉइंट को मौके पर देखा और इस काम को तेजी से आगे बढ़ाने के लिए निर्देश दिए। विधायक राजेश नागर ने कहा कि हमारे मुखिया मनोहर लाल ने विधानसभा के विकास के लिए हमेशा खुले दिल से ग्रांट मंजूर की हैं इसलिए अधिकारियों की जिम्मेदारी है कि वह संबंधित विकास कार्य को समय पर पूरा करके जनता को सौंपें। विधायक ने अधिकारियों से कड़ाई से कहा कि वह सड़क निर्माण कार्य को तेजी से पूरा करें वरना कार्रवाई के लिए तैयार रहें। उन्होंने कहा कि देरी से मिला विकास अर्थहीन हो जाता है।

ऐसे में जबकि सरकार कोई कसर नहीं छोड़ रही है तो अधिकारियों को अपनी ड्यूटी पूरी करने में दिक्कत क्या है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वह अपनी ड्यूटी ईमानदारी से पूरी करें क्योंकि वह यही काम करने के लिए नौकरी में आए थे।

## सीईओ आशिमा सांगवान ने स्वच्छता अभियान की समीक्षा की

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )**। सीईओ आशिमा सांगवान ने कहा कि सभी विभागों के अधिकारी सरकारी बिल्डिंगो और आंगनवाड़ी केन्द्रों में स्वच्छता की नवीनतम जानकारी रखें और स्कूल और कॉलेजों में स्वच्छता अभियान के तहत विद्यार्थियों द्वारा जागरूकता अभियान को आन लाइन प्लेट फार्म प्रणाली पर अपलोड जरूर करें। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार विद्यार्थियों को हाथ धोने, गीला सूखा कचरा अलग अलग करने और हाईजीन स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रेरित करें। वहीं आंगनबाड़ी केन्द्रों में स्वच्छता की अपडेट जानकारी रखें। सीईओ जिला परिषद आशिमा सांगवान आज वीरवार को अपने में



जिला फरीदाबाद में चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान की समीक्षा कर रही थी। आशिमा सांगवान ने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार स्वच्छता अभियान के तहत जिस विभाग को जो भी दायित्व मिला है उसे पूरी निष्ठा के साथ समय बध पूरा करना सुनिश्चित करें।

**सरकार का स्वच्छ भारत मिशन का मुख्य उद्देश्यः-** उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा स्वच्छ भारत अभियान 2 अक्टूबर, 2014 को शुरू किया गया था, जिसका मुख्य उद्देश्य भारत को खुले में शौच से मुक्त करना तथा देश में 2041 सांविधिक कस्बों और शहरों में नगरीय ठोस अपशिष्ट का शत-प्रतिशत वैज्ञानिक प्रबंधन सुनिश्चित करना है। खुले में मल त्याग की प्रथा को जड़ मूल से समाप्त करना है। स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण- 2023 में पहले खण्ड स्तरीय कमेटी तत्पश्चात जिला स्तरीय कमेटी ग्राम पंचायतों का मूल्यांकन कर रिपोर्ट विकास एवं पंचायत विभाग, हरियाणा सरकार को भेजेगी। जिसके उपरान्त पूरे प्रदेश की ग्राम पंचायतों में से सर्वश्रेष्ठ ग्राम पंचायतों का चयन कर जल विभाग द्वारा जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार को विभाग द्वारा भेजा जाएगा। जहां राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन करने वाली ग्राम पंचायतों को आगामी 02 अक्टूबर 2023 को स्वच्छता दिवस के अवसर पर मंत्रालय द्वारा सम्मानित किया जाएगा।

**ग्रामीण क्षेत्रों में बनाई गई है तीन कैटेगरी** सीईओ जिला परिषद आशिमा सांगवान ने बताया कि ग्राम पंचायतों को तीन कैटेगरी में 0 से 2000, 2000 से 5000 एवं 5000 से अधिक की जनसंख्या की कैटेगरी में अलग- अलग पुरस्कार दिए जाएंगे। सीईओ जिला परिषद आशिमा सांगवान ने समीक्षा बैठक में बिन्दुवार विभागों के क्रियान्वयन की जानकारी विस्तार पूर्वक दी। जिला परिषद की सीईओ ने जिला फरीदाबाद स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में- 2023 को लेकर सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार एमसीएफ, एचएसवीपी, स्मार्ट सिटी, खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारियों, ग्राम सचिवों तथा कलस्टर प्रेरकों के लिए उन्मुखीकरण कार्यक्रम बारे बारीकी से जानकारी समीक्षा बैठक दी।

## एडीसी आनन्द शर्मा ने सड़क सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा बैठक में अधिकारियो को दिए दिशा निर्देश

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )**एडीसी आनन्द शर्मा ने कहा कि सड़क सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा बैठक में अधिकारियो को दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बल्लभगढ़ बस स्टैंड और नागरिक अस्पताल/ बीके चौंक पर जाम नही लगना चाहिए। शहर में जाम की स्थिति पैदा करने वाली डग्गामार बसों और ट्रैफिक नियमों की पालना न करने वाले ऑटो के अब चालान करना सुनिश्चित करें। वहीं मुख्यमार्गो पर लगाई जाने वाली रेहड़ियों पर भी कार्रवाई सुनिश्चित करें। एडीसी आनन्द शर्मा आज वीरवार को



सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार जिला फरीदाबाद में सड़क सुरक्षा के नियमों सही पालना के बेहतर क्रियान्वयन के लिए समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर उपस्थित अधिकारियों और सड़क सुरक्षा व्यवस्था से जुड़े गणमान्य लोगों को सम्बोधित कर रहे थे। सड़क सुरक्षा के नियमों की पालना करने के लिए पुलिस प्रशासन और हाईवे के तकनीकी अधिकारी आपसी तालमेल करके कार्य को बेहतर तरीके से क्रियान्वित करें।

